प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगले चार पांच महीने में प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और अगले वित्त वर्ष के बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने आज शिमला में प्रदेशभर से आए समर्थकों के साथ अपना जन्म दिन मनाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में आर्थिक समृद्धि की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिकी को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश सचिवालय कर्मचारियों द्वारा आयोजित मैराथन में भाग लिया।

वायुसेना

भारतीय वायुसेना की विश्व प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने आज हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर टिहरा स्थित सैनिक स्कूल के मैदान के ऊपर ऐयर शो किया। इस मौके पर 9 विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वायुसेना के जांबाजों के करतब देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान लड़ाकू विमानों ने आसमान में अनेक प्रकार की आकृतियां बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। ऐयर शो के आयोजन के लिए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और वायुसेना का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सैन्यबलों में भर्ती होने की प्रेरणा मिलती है।

हमीरपुर की उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि प्रदेश में इस तरह का वायुसेना का ये पहला कार्यक्रम है और लगभग 25 मिन्ट तक भारतीय वायुसेना के विमानों का अदभुत कौशल दिखा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार पर भारी भरकम टैक्स लगाकर जनता को मंहगाई के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने डीज़ल पर वैट बढ़ाया और पिछले 40 महीनों में प्रदेश की जनता से हजारों करोड़ रूपए वसूले। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अब पैट्रोल व डीज़ल पर अतिरिक्त सैस लगाने की तैयारी कर रही है जो लोगों की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी गांरटियां व वादों के सहारे सत्ता में आई है और आजतक एक भी गांरटी पूरी नहीं की गई है।

दुर्घटना

मंडी ज़िले में मंडी–कुल्लू राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर पंडोह बांध के पास आज एक निजी बस व कार की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान 23 वर्षीय शशांक और 22 वर्षीय गायत्री देवी के रूप में की गई है जो मण्डी ज़िले के रहने वाले थे। मंडी के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

रणधीर शर्मा

वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अपने तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया और हज़ारों करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता मिलने के बाद भी केन्द्र को ही दोषी ठहराने का प्रयास किया जा रहा है। रणधीर शर्मा ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के उन दावों को भी निराधार बताया है जिसमें उन्होंने प्रदेश में सड़क व अन्य विकास कार्यों को अपने प्रयासों का परिणाम बताया है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ही प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है।

हॉकी

ऊना के हॉकी मैदान में आज से राज्य स्तरीय पुरूष व महिला हॉकी प्रतियोगिता शुरू हुई। इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में 14 टीमें भाग ले रहीं है।

....